बेटियों के पांव पखार सीएम योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना



गोरखपुर । मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने और उनके सम्मान व स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित इस अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे। उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र के प्रथम तल स्थित भोजन कक्ष में पीतल की परात में जल से नौ नन्ही बालिकाओं के पांव धोए। श्रीदुर्गासप्तशती के मंत्रों की गूंज के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत आदि का तिलक लगाया। पुष्प और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जौ के ज्वारे से उनका अभिषेक किया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया।

सीएम योगी ने पूजन के बाद कन्याओं और बटुकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद अपने हाथों से परोसा। नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी मुख्यमंत्री ने पूजन कर आरती उतारी। अन्न क्षेत्र के प्रथम तल के साथ ही भूतल पर भी कन्या भोज की व्यवस्था की गई थी। भोज में सभी कन्याओं और बटुकों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दी गई।

विजयादशमी का पर्व देता है सत्य- पंकज चौधरी

लखनऊ,(आज समाचार सेवा) । विजयादशमी का पर्व सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का शाश्वत संदेश देता है। उक्त उद्गार सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियों के विनाश तथा अधर्म, अनाचार और असत्य के अंत के साथ सत्य की सार्वभौमिकता मानव जीवन को सदाचरण, नैतिकता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम द्वारा अत्याचारी रावण का अंत हमें स्मरण कराता है कि अन्याय और अधर्म चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंतत: विजय सत्य और धर्म की ही होती है। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं लोकमंगल की कामना की है। श्री चौधरी ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर को ध्वस्त करके हमारे धर्मए संस्कृति एवं आस्था को मिटाने का प्रयास किया था। लेकिन देश के करोड़ों जनमानस के अटूट संकल्प और निरंतर संघर्ष के परिणामस्वरूप श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण राष्ट्र की सदियों पुरानी अभिलाषा की पूर्ति तथा राष्ट्रीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति बना है।

हवन पूजन व कन्या भोज के बीच मां सिद्धिदात्री की पूजा

नवरात्रि के अन्तिम दिन मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



लखनऊ।नवरात्रि की नवमी को आज गणेशगंज की भुइयन देवी मंदिर और पक्का पुल और अर्जुनगंज स्थित मरी माता मंदिर के अलावा अन्य दुर्गा माता मंदिरों में सुबह से बोधगया मठ से आये कमलानंद गिरि बाबा पार्षद अनु मिश्रा द्वारा कन्याओं का पैर पूजन कर विधि विधान पूर्वक भोग अर्पित किया गया। कन्याओं को भोज में छोला पुरी हलवा चना दही जलेबी एवं अन्यायन सामग्री परोसी गई। भोज के बाद कन्याओं को फल जूस रुमाल पेंसिल बॉक्स खिलौने नमकीन चॉकलेट बिस्किट श्रृंगार का सामान इत्यादि सामग्री वितरित की गई। नवरात्रि के दौरान मंदिर प्रांगण में 432 की संख्या में बच्चों का मुंडन संस्कार एवं 267 की संख्या में कर्ण छेदन संस्कार संपन्न किया गया। मंदिर प्रांगण के बाहर चल रहे मेले में भक्तों ने बड़ी संख्या में अपने शरीर पर देवी देवताओं के नाम मंत्र एवं कलाकृतियां को गुदवाने का कार्य किया। अर्धनारीश्वर देवी की प्रतिमा को आज विधि विधान पूर्वक विस्थापित कर मंदिर के तहखाना में सुरक्षित अगली नवरात्रि के लिए रख दिया गया।इसी क्रम में सपना गोयल की अगुआई में नवरात्र के पावन अवसर पर नवमी के दिन नवरात्र का विशेष सत्संग एवं वृहद कन्या पूजन का अनुष्ठान किया गया।

मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के बीच हवन पूजन और कन्या भोज के बाद इस वर्ष की शारदीय नवरात्र का पारण हो गया।इसके अलावा मंदिरों में मां भगवती के दर्शन के लिये आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके अलावा दुर्गा पूजा महोत्सव के पंडालों में महाष्टमी व विशेष संधि पूजा अर्चना की गयी। बताते चलें हुसैनगंज स्थित शशिभूषण कालेज के पंडाल व कैंटोनमेंट दुर्गा पूजा स्थल एवं रविन्द्रपल्ली दुर्गा पूजा महोत्सव और चारबाग रेलवे सेवा ग्राम कॉलोनी में मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा आयोजित 35वां शारद उत्सव तथा मॉडल हाउस मित्र संघ पंडाल सहित जानकीपुरम सेक्टर-ई और पॉकेट ग्राउंड के पंडाल में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। दूसरी ओर राजधानी के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से लेकर मंदिरों के कपाट बंद होने तक भक्तों की भारी भीड़ रही। इसी क्रम में हैदरगंज स्थित शीतला माता मंदिर संदोहन देवी मंदिर व संकटा देवी मंदिर और श्री दुर्गा मंदिर शास्त्री नगर सहित छितवापुर एवं

मां दुर्गा के पंडालों ढ़ोल नगाड़ों की थापों में झूमे भक्त

लेकर देर रात तक दर्शन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावा कैसरबाग स्थित घसियारी मंडी के काला बाड़ी मंदिर में आज सुबह मां की विशेष पूजा अर्चना संधि पूजा की गयी। इसके अलावा नवरात्रि के अंतिम दिवस चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन लाभ प्राप्त किया। महंत विवेकानंद गिरी ने बताया नवमी माँ दुर्गा का नौवां और अंतिम रू माँ सिद्धिदात्री को समर्पित है, जो सभी प्रकार की सिद्धियाँ और शक्तियाँ प्रदान करती हैं।माता का वाहन सिंह है।उनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और कमल के पुष्प सुशोभित हैं।आज मंदिर प्रांगण में सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय कन्याओं का पूजन एवं भोज विशेष रूप से महंत विवेकानंद गिरी बाबा बिहार

शिवा शर्मा हत्याकांडः पर्यवेक्षणीय अफसरों पर गिरी गाज

डीसीपी विक्रांत वीर डीजीपी कार्यालय अटैच, एसीपी क्राइम ब्रांच भेजे गये



लखनऊ।कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी न करपाने वाले हजरतगंज इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को हटाने के बाद शासन और प्रशासन नें सख्त रुख अपनाते हुए डीसीपी मध्य विक्रांत विक्रांतवीर और एसीपी रजनीश शर्मा को आखिरकार हटा दिया है।अब कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदार डीसीपी अर्पित विजयवर्गीय को सौंपी है।बीते एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है। लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। आरोपी श्रद्धा दुबे सहित अन्य आरोपी पकड़े नही गये। मामले की जानकारी हाई लेबल पर पहुंचते ही शासन और प्रशासन एक जुट हुआ मामले की गंभीरता को समझते हुए शासन नें डीसीपी मध्य विक्रांत वीर को हटाते हुए उन्हें डीजीपी कार्यालय मे सम्बद्ध किया गया। वही शासन का रुख भापते ही पुलिस कमिश्नर भी आगे निकले रविवार को इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को हटाने के बाद अब एसीपी हजरतगंज रजनीश वर्मा को भी हटाते हुए क्राइम ब्राँच मे भेज दिया।नये डीसीपी अर्पित विजय वर्गीय नें तत्काल चार्ज ग्रहण करते हुए क्राइम ब्रांच तथा राजधानी के कई माहिर इंस्पेक्टरो के साथ कारोबारी शिवा शर्मा की आरोपी श्रद्धा दुबे और अन्य की गिरफ्तारी के लिये विचार विमर्श किया।डीसीपी नें मतहतो के साथ मीटिंग कर हर पहलू का अध्ययन करने के बाद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिये।पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने अभिषेक कुमार पाण्डेय को एसीपी कैसरबाग से हटाकर एसीपी हजरतगंज बनाया है।उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। रजनीश वर्मा जो अब तक एसीपी हजरतगंज थे, उन्हें एसीपी अपराध के पद पर भेजा गया है।इसके अलावा गौरव उपाध्याय को एसीपी कार्यालय से एसीपी कैसरबाग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अंकित कुमार एसीपी महानगर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार कार्यालय का भी कार्य देखेंगे।पुलिस कमिश्नर नें सभी अफसरों को कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड से जुड़े सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के कड़े निर्देश दिये है।

नाबार्ड, उपकार और गो-सेवा आयोग मिलकर चलाएंगे अभियान

लखनऊ- उत्तर प्रदेश में अब गोशालाएं केवल गोवंश संरक्षण का ठिकाना नहीं बल्कि किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई धुरी बनने जा रही हैं। योगी सरकार गोशालाओं से निकलने वाले गोबर और अन्य जैविक संसाधनों को प्राकृतिक खेती से जोड़कर आत्मनिर्भरता का नया मॉडल विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके लिए ललितपुर को प्रदेश के पहले पायलट नेचुरल फार्मिंग डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

सेतु निर्माण कर प्रभु संग लंका पहुंची वानर सेना

आज 75 फुट के मूविंग रावण का होगा दहन

लखनऊ। ऐशबाग की ऐतिहासिक रामलीला में आज हनुमान जी द्वारा लंका दहन के उपरांत वानर दल मे वापस लौटने के साथ होती है। जहाँ बजरंगबली भगवान श्रीराम को माता सीता की खोज से लेकर लंका दहन तक का वृतांत सुनाते हैं और माता सीता द्वारा दिया गया चूड़ामणि प्रदान करते हैं। जिसे देख श्रीराम व्यथित हो उठते हैं और उसके बाद वानर दल से परामर्श कर लंका पर चढाई करने की योजना बनाते हैं।अगले दृश्य में लंका के दरबार से अपने भाई विभीषण को अपमानित कर रावण उसका बहिष्कार कर देता है।जिससे व्यथित विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में आ जाते हैं।जहाँ प्रभु उन्हे अपना मित्र बनाने के उपरांत उनका राजतिलक कर लंका का राजा घोषित कर देते हैं ।जो संपति सिव रावनहि, दीन्हि दिएँ दस माथ।सोइ संपदा बिभीषनहि, सकुचि दीन्हि रघुनाथ।।इसके उपरांत श्रीराम युद्ध की तैयारी कर तीन दिनों तक समुद्र से लंका जाने हेतु सुगम मार्ग देने की विनय याचना करते हैं परंतु इसक कोई प्रतिफल होता देख उन्हे सागर पर क्रोध आ जाता है।विनय न मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीति।बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय न प्रीति।। प्रभु राम का रौद्र रूप देख समुद्र देव भय से कांपते प्रकट होते हैं और श्रीराम को दो विश्वकर्मा पुत्रों नल और नील के बारे में बताते हैं जिन्हे ऋषि श्राप था की उनके फेंके पत्थर पानी में नही डूबेंगे यदि उनके द्वारा सेतु निर्माण किया जा सके तो लंका तक जाने का सुगम मार्ग तैयार किया जा सकता है। यह सुनते ही वानर भालू हर्ष ध्वनि में श्रीराम की जयकार करने लगे जिनका साथ दर्शकों की भीड़ ने भी खूब दिया जय श्री राम के उद्घोषों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा।

अगले दृश्य में लंका पहुंच कर श्रीराम द्वारा अंगद को शांति प्रस्ताव हेतु भेजा जाता है। जहाँ रावण अंगद संवाद और अंगद द्वारा रावण दरबार मे पैर जमाने की लीला ने दर्शकों को खूब हर्षित किया।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं अधिकारी - केशव मौर्य



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के आधार पर संबंधित विभाग पात्रता के अनुसार योजनाओं से लोगों को जोड़ें, ताकि जरूरतमंदों को सरकारी सहायता के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन से संबंधित पात्र मामलों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। पेयजल, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करें। गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंदों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के पात्र मामलों को भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से पात्र युवाओं को उद्यम स्थापित करने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बैंकों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाया जाए।

एयर शो के लिए संवर रही काशी

वाराणसी, प्रस्तावित एयर शो के मद्देनजर योगी सरकार काशी को आकर्षक रूप देने के लिए शहर का व्यापक सौंदर्यीकरण करा रही है। बाबतपुर एयरपोर्ट से नमो घाट तक प्रमुख मार्गों, भवनों, फ्लाईओवर, अंडरपास और दीवारों को सजाने-संवारने का काम तेजी से चल रहा है। कहीं दीवारों पर गंगा की लहरें और घाटों के दृश्य उकेरे जा रहे हैं, तो कहीं भवनों पर सुबहे बनारस की झलक दिखाई देने की तैयारी है। स्ट्रीट लाइट, पेड़ों और पुलों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि एयर शो के दौरान शहर पहुंचने वाले लोगों को काशी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं की झलक मिल सके। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि काशी की पहचान उसकी समृद्ध विरासत, परंपरा और सांस्कृतिक विविधता से है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर को सजाया जा रहा है। एयरपोर्ट से नमो घाट तक के मार्गों पर पेंटिंग, म्यूरल आर्ट और आकर्षक लाइटिंग के माध्यम से काशी की सांस्कृतिक पहचान को उभारने का काम किया जा रहा है। दीवारों पर गंगा की लहरों, घाटों और गंगा तट के दृश्यों को उकेरा जा रहा है।

यूपीपीएससी में इतिहास- सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने किया स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के इतिहास में एक अविस्मरणीय और गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। आयोग परिसर में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ का भव्य आगमन हुआ। आयोग के पूरे इतिहास में यह पहला मौका है जब देश की शीर्ष अदालत के किसी सेवारत न्यायमूर्ति ने परिसर का आधिकारिक दौरा किया है।इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने परिसर में नवनिर्मित आदित्य पतंजलि योगपीठ का भव्य उद्घाटन किया और वहाँ स्थापित स्वामी विवेकानन्द जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया।योग और आध्यात्मिक प्रेरणा के एक जीवंत केंद्र के रूप में विकसित इस स्थल पर सूर्य नमस्कार की विभिन्न भंगिमाओं को दर्शाया गया है। साथ ही, भारत के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के गौरवपूर्ण योगदान को भी यहाँ प्रदर्शित किया गया है, जो युवाओं में राष्ट्र के बौद्धिक वैभव की अलख जगाएगा।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आयोग से जुड़ी अपनी अतीत की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कल्पवृक्ष संग्रहालय% की बनावट, उसमें संग्रहीत कृतियों की कलात्मकता, आयोग के हरे-भरे परिसर और यहाँ की पारदर्शी चयन प्रणाली की भूरी-भूरी प्रशंसा की।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आयोग पूरी निष्पक्षता से अपना कार्य संपादित कर सके, इसके लिए भारतीय संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 315 से 323 तक व्यापक व सुदृढ़ प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि- न्यायालय में प्रभाव या सत्ता नहीं, साक्ष्य और तर्क बोलते हैं। ठीक उसी प्रकार भर्ती में अनुग्रह या पहचान नहीं, केवल पात्रता बोलती है।

गुरु गोरखनाथ के पूजन कर विजयादशमी शोभायात्रा निकालेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

गोरखपुर। विजयादशमी (दशहरा) का पावन पर्व गोरक्षपीठ की प्राचीन परंपरा, लोक कल्याण की भावना और सामाजिक समरसता के जीवंत दर्शन का साक्षी बनने जा रहा है। मंगलवार को विजयादशमी के पावन अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का विधि-विधान से विशिष्ट पूजन कर गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजय शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। तुरही, नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच निकलने वाली यह शोभायात्रा न केवल सनातन आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूर्वांचल में सामाजिक एकता और सौहार्द का सबसे बड़ा संदेश भी देती है। सीएम योगी मंगलवार (20 अक्टूबर) सुबह शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे तो सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे। सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। विजयादशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है। गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा इसलिए भी आकर्षक और अनूठी होती है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इसके स्वागत के लिए गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूरी पर घंटों पहले फूलमाला लेकर खड़े रहते हैं।

लखनऊ में टेक्नोलॉजी हब बनाने की तैयारी तेज

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आधुनिक तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लखनऊ एआई सिटी परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना की परिकल्पना प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम को विकसित करने, तकनीक आधारित कंपनियों को प्रोत्साहित करने और निवेश के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से की गई है। प्रस्तावित एआई सिटी के माध्यम से लखनऊ को एक उभरते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।एआई सिटी की स्थापना के लिए तैयार की गई प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट में भूमि चयन, परियोजना की अवधारणा, विकास की संरचना और देश-दुनिया की समान परियोजनाओं के आधार पर बेंचमार्किंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया गया है।

चुनाव आयोग ने खुद माना है कि वोटर लिस्ट में है गड़बड़ी-अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मतदाता सूची के एसआईआर के बाद भी वोटरलिस्ट में गड़बड़िया हैं। फर्जी वोट हैं। कई जगह एक-एक व्यक्ति के दो-दो तीन-तीन और चार-चार और 10 वोट हैं। चुनाव आयोग ने भी इन गड़बिड़यों को स्वीकार किया है। आयोग कह रहा है कि छोटी-मोटी गलती है। यह छोटी-मोटी नहीं, बहुत मोटी गड़बड़ी है। सोमवार को यहां गोमती नगर में पूर्व मंत्री श्रीमती विद्या चौधरी के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जानने के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि पूरा देश जानता है कि जब भाजपा हारने लगती है तो बेईमानी और चोरी करती है। भाजपा चुनाव आयोग की मिलीभगत से बेईमानी करती है। चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। अगर हम सब विपक्ष और आम जनता चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं तो भाजपा को क्यों दर्द होता है? भाजपा क्यों सामने आती है? मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनावों में वोटों की लूट और बेइमानी पर अधिकारियों पर कार्रवाई होना चाहिए। समाजवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों उपचुनाव में वोटों की चोरी और धांधली को लेकर चुनाव आयोग से सबूत के साथ शिकायतें की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। चुनाव आयोग को भाजपा के इशारे पर काम नहीं करना चाहिए। निष्पक्ष काम करना चाहिए। निष्पक्ष दिखना चाहिए। आज पूरे देश में चुनाव आयोग की विश्वनीयता और कार्यप्रणाली पर सवाल क्यों खड़े हो गये हैं?

पीडीए प्रहरी मुस्तैद रहें और मतदाताओं की सहायता करें--अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के हर सजग-सक्रिय 'पीडीए प्रहरी' को एसआईआर के कारण समस्या झेल रहे मतदाताओं की सहायता करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि 24 अक्टूबर को भी सभी 'पीडीए प्रहरी' पुन: मुस्तैद रहें और मतदाताओं की हर संभव मदद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता अपने अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहें। मतदाता सूची में फर्जी वोटरों का नाम जुड़ने से रोके, असली वोटरों का नाम जुड़वाएं। भाजपा की बेईमानी से सावधान रहें। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता का भरोसा खो दिया है। भाजपा के कार्य और उसकी सोच नकारात्मक है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है। प्रदेश का किसान, नौजवान, आम जनता, महिलाएं कोई भी भाजपा पर भरोसा नहीं कर रहा है। भाजपा ने जनता जनता से झूठे वादे किए। सत्ता में आने के बाद सभी को बारी-बारी से ठगा है। अब सत्ता हाथ से फिसलता देख भाजपा पूरी तरह से झूठ, बेईमानी और ठगी पर उतर आई है। मुख्यमंत्री समेत भाजपा का नेतृत्व भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफियाओं को खुद संरक्षण दे रहा है। झूठा आरोप विपक्षी पार्टियों पर लगाते है।

26 नवंबर को संविधान दिवस पर जारी होगा सपा का घोषणापत्र

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र 26 नवंबर को जारी करेगी, जिस दिन संविधान दिवस भी है। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीट के लिए चुनाव अगले वर्ष की शुरुआत में होने हैं। चुनाव कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं की गई है। यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, सत्ताईस का संकल्परू पीडीए का प्रणपत्र। उन्होंने कहा, संविधान दिवस 26 नवंबर, 2026 के लोकतांत्रिक और पावन अवसर पर हम जारी करेंगे श्जन-मन का मैनीफेस्टो (घोषणापत्र)। पीडीए यादव द्वारा गढ़ा गया संक्षिप्त नाम है, जिसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक शामिल हैं। यह समाजवादी पार्टी की राजनीतिक पहुंच की रणनीति का एक प्रमुख आधार है। यादव ने पहले कहा था कि पार्टी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में से प्रत्येक पर केंद्रित अलग-अलग घोषणापत्र भी तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश में 2017 से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में है। इससे पहले, अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, जबकि 2007 से 2012 तक मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी सत्ता में थी।

मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां मिलने पर अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई- रिणवा

24 अक्टूबर को विशेष अभियान दिवस पर छूटे हुए पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने पर जोर

लखनऊ,(आज समाचार सेवा) । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान एक ही मतदाता द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराए जाने से उत्पन्न दोहरी प्रविष्टियों के मामलों पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। उक्त उद्गार सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दोहरी प्रविष्टियों को हटाने तथा आगामी २४ अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस की तैयारियों के संबंध में समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में व्यक्त किये। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ के माध्यम से ऐसे मतदाताओं को चिह्नित कर नियमानुसार फ र्म-७ भरवाकर दोहरी प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ सुपरवाइजर नियमित निगरानी करते हुए कार्य में तेजी लाएं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, ईआरओ इस कार्य की प्रभावी समीक्षा कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अभी भी कई पात्र नागरिक शामिल होने वंचित रह गये हैं, ऐसे पात्र नागरिकों को जागरूक कर मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि २४ अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, बूथ लेवल एजेंटों बीएल, सभासदों, ग्राम प्रधानों आदि का सहयोग लिया जाए। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही महिलाओं एवं दिव्यांगजनों सहित सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।